राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2026/ दिनांकः

परीक्षा–2024 एवं 2025 की उपाधियों के संबंध में विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय दीक्षांत समारोह आयोजित कर परीक्षा–2024 एवं 2025 के विभिन्न पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों (नियमित/पूर्व–छात्र/स्वयंपाठी) की उपाधियाँ संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र पर भेजी जा चुकी है। किसी परीक्षार्थी की उपाधि महाविद्यालय को प्राप्त नहीं होती है अथवा त्रुटि पाई जाती है तो संशोधन हेतु विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 15 कार्य दिवस के भीतर अपना आवेदन समस्त दस्तावेजों सहित संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य से अग्रेषित करवाकर सहायक कुलसचिव (उपाधि) कमरा नं. 133, प्रशासनिक भवन में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

ई०
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा उपाधि/2026/3232-3240 दिनांकः 04-07-2026

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक, समस्त संघटक/सम्बद्ध महाविद्यालय, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि यह सुनिश्चित किया जावे कि परीक्षा–2024 एवं 2025 की समस्त पाठ्यक्रमों की उपाधियाँ प्राप्त हो चुकी है। उपाधियाँ प्राप्त न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय को उक्त विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से अवगत कराने का श्रम करें, जिसके पश्चात् किसी भी प्रकार की अभ्यर्थना स्वीकार नहीं होगी।
2. समस्त निदेशक/विभागाध्यक्ष, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करने का श्रम करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार के जयपुर एवं दौसा जिलों में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका एवं दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने का श्रम करें।
5. निजी सहायक, कुलगुरु/कुलसचिव, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, गोपनीय/ विविध/ सैलर–I, II, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।

सहायक कुलसचिव (उपाधि)